Date: 18.11.2025

To,

Manager, Listing & Compliance

BSE Ltd.

1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers,

Dalal Street, Mumbai 400 001

**Scrip Code – 532217**

**Sub: Submission of copies of Newspaper Advertisement-Unaudited Financial Results**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the applicable provisions of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby submit the copies of the newspaper advertisements published for the Unaudited Financial Results of the Company for the Second Quarter and half Year ended 30th September 2025.

Copies of the published advertisements are enclosed for your kind reference and records.

We request you to kindly take the same on record

Yours faithfully,

**For CMX Holdings Limited**

**(Formerly Known as SIEL Financial Services Limited)**

AMAY VATSALYA

Digitally signed by AMAY VATSALYA
Date: 2025.11.18 21:28:05 +05'30'

**Amay Vatsalya**

**Whole Time Director**

## संक्षिप्त समाचार

### बाजार एकाधिकार की साजिश में एपल-ओपन एआई पर चलेगा केस



नई दिल्ली। एपल और चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई एलन मस्क की कंपनी एक्स कॉर्प द्वारा दायर उस मुकदमे को खारिज नहीं करा सके जिसमें स्मार्टफोन व जनरेटिव एआई चैटबॉट्स के बाजारों पर एकाधिकार करने की साजिश का आरोप था। एपल-ओपनएआई टेक्सास में फोर्ट वर्थ में अमेरिकी जिला जज मार्क पिटमैन को यह केस खत्म कराने के लिए तर्क पेश करने में नाकाम रहे। अपने फैसले में जज ने कहा, मस्क का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स व स्टार्टअप एक्सएआई फिलहाल अपने मुकदमे को आगे बढ़ा सकते हैं, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभुत्व की लड़ाई में अरबपति उद्यमी की प्रारंभिक जीत है। जज ने अपने संक्षिप्त आदेश में कहा कि उनके फैसले को एक्स के आरोपों के गुण-दोष पर निर्णय के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और वह मामले में बाद के चरण में तथ्यों पर विवादों पर विचार करेंगे। मस्क कंपनियों का कहना है कि एपल ने एंटी-ट्रस्ट कानून का उल्लंघन किया है।

### जुर्माने के बाद गूगल का विज्ञापन सेवाओं में बदलाव

नई दिल्ली। यूरोपीय आयोग द्वारा नई डिजिटल प्रतिस्पर्धा जांच शुरू करने के ठीक दूसरे दिन, शुक्रवार को गूगल ने अपनी विज्ञापन सेवाओं में बड़े बदलावों की घोषणा की। गूगल प्रवक्ता ने कहा, हमारा प्रस्ताव बिना किसी व्यवधानकारी विभाजन के इस फैसले का पूर्ण समाधान करता है। इससे उन हजारों यूरोपीय प्रकाशकों और विज्ञापनदाताओं को नुकसान होगा जो अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए गूगल टूल का इस्तेमाल करते हैं। वह अभी भी यूरोपीय संघ (ईयू) के फैसले से असहमत है और जुर्माने के विरुद्ध अपील की योजना बना रही है। गूगल का यह कदम ब्रुसेल्स द्वारा कंपनी पर अपनी विज्ञापन सेवाओं को कथित रूप से तरजीह देने के लिए 2.95 अरब यूरो का प्रतिस्पर्धा-विरोधी जुर्माना लगाने के दो माह बाद आया है।

### खाद की कालाबाजारी में 4 हजार व्यापारियों पर एक्शन

नई दिल्ली। केंद्रीय उर्वरक विभाग ने देशभर में खाद सप्लाई चैन को दुरुस्त करने और किसानों तक सही समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा जारी किया है। विभाग ने बताया कि कालाबाजारी, जमाखोरी और खाद के अवैध डायवर्जन में शामिल पाए गए वितरकों और व्यापारियों के खिलाफ अब तक 4,298 लाइसेंस रद्द या निलंबित किए जा चुके हैं। इससे पहले कुल 8,777 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे और 547 एफआईआर विभिन्न राज्यों में दर्ज हो चुकी हैं। खाद विभाग ने की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यह अभियान केंद्र सरकार और राज्यों के बीच करीबी समन्वय के साथ चलाया गया, जिसमें जिला प्रशासन ने सघन छापेमारी, निरीक्षण और कानूनी कार्रवाई की।

[ गिरावट ] अमेरिकी टैरिफ और सुस्त मांग का दोहरा झटका

# अक्टूबर में भारत का रत्न-आभूषण निर्यात 30 प्रतिशत लुढ़का

स्वदेश समाचार ■ नई दिल्ली



कमोजर वैश्विक मांग और ऊंचे टैरिफ के बीच अक्टूबर में भारत के रत्न व आभूषण व्यापार में गिरावट देखी गई। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार वैश्वि मांग में कमी, उच्च ब्याज दरों, आपूर्ति शृंघला में व्यवधान और तीव्र अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के कारण प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात और आयात में गिरावट आई।

आंकड़ों से पता चलता है कि अक्तूबर 2025 में कुल सकल निर्यात 30.57 प्रतिशत घटकर 2,168.05 मिलियन डॉलर (19,172.89 करोड़ रुपये) रह गया। यह एक साल पहले 3,122.52 मिलियन डॉलर (26,237.10 करोड़ रुपये) था। आयात भी 19.2 प्रतिशत घटकर 1276.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर (11,299.6 करोड़ रुपये) रह गया, जो पिछले वर्ष इसी माह में 1580.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर (13,276.26 करोड़ रुपये) था। कामा ज्वैलरी के प्रबंध निदेशक कॉलिन शाह ने कहा कि पहले लगाए गए व्यापार शुल्कों का प्रभाव अब महसूस किया जा रहा है। इससे लागत बढ़ गई है और खरीदारी कम हो गई है। उन्होंने बताया कि त्योहारों के बाद कंपनियां भी अपना स्टॉक कम-ज्यादा करके बाजार की स्थिति के हिसाब से काम कर रही हैं।

**सोने और हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव**-घरेलू स्तर पर, सोने और हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव, निर्यातकों के लिए सीमित वित्तपोषण और प्रयोगशाला में विकसित हीरा क्षेत्र में समायोजन ने आयात और निर्यात में कमी में योगदान दिया। जीजेईपीसी ने आगे कहा कि मुद्रा में उतार-चढ़ाव और मजबूत डॉलर ने मूल्य प्रतिस्पर्धा और व्यापार की मात्रा को और प्रभावित किया।

**कटे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात में आई गिरावट**-अक्तूबर में कटे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 26.97 प्रतिशत घटकर 1,025.99 मिलियन डॉलर (9,071.41 करोड़ रुपये) रह गया। वहीं आयात और भी अधिक 35.76 प्रतिशत घटकर 132.95 मिलियन डॉलर (1,176.7 करोड़ रुपये) रह गया।

जीजेईपीसी ने नए अमेरिकी टैरिफ के दोहरे प्रभाव पर प्रकाश डाला, जिसमें पारस्परिक उपाय, व प्रयोगशाला में उगाए गए हीरों (एलजीडी) से बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल है। इनकी कीमत बहुत कम है, जिससे प्राकृतिक हीरों के लिए मार्जिन कम हो रहा है। परिषद ने कहा कि टैरिफ से प्रभावित निर्माताओं ने उत्पादन में कटौती कर दी है, व वैश्विक मांग में धीरे-धीरे सुधार होने के कारण, क्षेत्र नए आयात के बजाय स्टॉक अनुकूलन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

**सोने के आभूषणों के निर्यात में भारी गिरावट**-अक्तूबर में सोने के आभूषणों के निर्यात में भारी गिरावट आई और यह 24.61 प्रतिशत घटकर 850.15 मिलियन डॉलर रह गया, क्योंकि 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के कारण भारतीय उत्पाद अप्रतिस्पर्धी हो गए और ऑर्डर रद्द हो गए। हालांकि, अप्रैल-अक्तूबर 2025 की अवधि में, सोने के आभूषणों का निर्यात 11.9 प्रतिशत बढ़कर 6,645.63 मिलियन डॉलर हो गया। इसे सोने की ऊंची कीमतों और शुरुआती साल की मजबूत मांग से समर्थन मिला।

### चांदी के आभूषणों का सकल निर्यात बेहतर रहा

चांदी के आभूषणों का सकल निर्यात (अनंतिम, अप्रैल 2025 - अक्तूबर 2025) 717.78 मिलियन डॉलर (रुपये के हिसाब से 14.36 प्रतिशत) रहा। यह पिछले वर्ष के 652.95 मिलियन डॉलर (5,465.16 करोड़ रुपये) के इसी आंकड़े से बेहतर है। चालू वर्ष में सोने की ऊंची कीमत के कारण अप्रैल-अक्तूबर 2025 के दौरान चांदी के आभूषणों के निर्यात में डॉलर के हिसाब से 9.93 प्रतिशत और रुपये के हिसाब से 14.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# आरबीआई के नए उपायों का निर्यातकों ने किया स्वागत




स्वदेश समाचार ■ नई दिल्ली

निर्यात संघों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन ( फियो ) ने वैश्विक बाजार के बदलावों से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों पर कर्ज और उधार के भुगतान का दबाव कम करने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कदमों को बड़ी राहत बताते हुए इसका स्वागत किया है।

केंद्रीय बैंक ने निर्यात आय देश में लाने के लिए तय अधिकतम समय को नौ महीने से बढ़ाकर पंद्रह महीने कर दिया है। इसके साथ ही उसने निर्यात के लिए अग्रिम भुगतान प्राप्त होने पर माल को भेजने की अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष कर दी है। फियो के एक बयान में कहा गया है कि इससे इस समय वैश्वक बाजार की कठिनाइयों से प्रभावित क्षेत्रों के निर्यातकों पर ऋण चुकाने का दबाव हल्का होगा और वे रोजमर्रा के काम काज की ऋण सुविधाओं से धन निकासी को नये ढंग से पुनर्व्यवस्थित करने का मौका मिलेगा। केंद्रीय बैंक ने बाजार की बाहरी परिस्थितियों से प्रभावित कुछ निर्यात क्षेत्रों को द्वारा लिए गये ऐसे कुछ मियादी कर्ज के भुगतान और कामकाजी पूंजी के लिए लिए गये कर्जों पर ब्याज की वसूली को रोक दिया है अथवा टाल दिया है जिनका भुगतान इस साल एक सितंबर से 31 दिसंबर के बीच किया जाना था। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा, ' आरबीआई के इन फैसलों से निर्यात कारोबार को बड़ी राहत मिलेगी। इससे निर्यातक अपने विदेशी खरीदारों को उधार चुकाने के लिए और ज्यादा समय देने का प्रस्ताव कर सकते हैं।व्यापार संबंधी अनुपालन बेहतर होगा। फियो अध्यक्ष ने काह इस ढ़ील से ये नियम कई अन्य अर्थव्यवस्थाओं के समान हो कसते हैं। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होंगे।

# भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला शुरू

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिल्ली के भारत मंडपम में शुक्रवार को 44वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला शुरू हो गया।

मेले उद्घाटन केंद्रीय वाणिज्य एवं व्यापार राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने किया। हर साल 14 नवंबर से शुरू होने वाले इस मेले में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विदेशों से भी व्यापारी आये हुए हैं। पहले पांच दिन व्यापारियों और थोक खरीददारों के लिए है जबकि आम लोग 19 से 27 नवंबर तक जा सकेंगे। पहले पांच दिन मेले में प्रवेश के लिए वयस्कों के लिए टिकट की दर 150 रुपये और बच्चों के लिए 60 रुपये रखी गयी है। वहीं, 19 नवंबर से 27 नवंबर तक वयस्कों के लिए टिकट 80 रुपये और बच्चों के लिए 40 रुपये का होगा। वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन के लिए टिकट की आवश्यकता नहीं है। ऐसे लोग वैध पहचान पत्र के साथ निःशुल्क प्रवेश कर सकते हैं। मेले का थीम है - 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत '। इसमें 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और 12 देशों के कारोबारी और कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। साथ ही, सरकार के 55 मंत्रालयों और विभागों के स्टॉल हैं।

# चावल, गेहूं, चीनी, दालें सस्ती, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव

स्वदेश समाचार ■ नई दिल्ली

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गयी। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालें भी सस्ती हुई। वहीं, खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।



चावल की औसत कीमत 37 रुपये घटकर 3,818.29 रुपये प्रति क्विंटल पर रह गयी। गेहूं भी 14 रुपये गिरकर 2,857.13 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में दो रुपये की नरमी रही और यह 3,312.86 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में आज घट-बढ़ देखी गयी। मूंगफली तेल की औसत कीमत 212 रुपये और वनस्पति की 74 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। वहीं, सरसों तेल 34 रुपये और सोया तेल 38 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रहा। पाम ऑयल की कीमत 21 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 27 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 93 रुपये और चना दाल की 60 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। उड़द दाल 26 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। तुअर दाल के दाम भी 123 रुपये प्रति क्विंटल घटे। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

# वेनेजुएला खनिजों के क्षेत्र में भारत के साथ निवेश को उत्सुक

एजेंसी ■ विशाखापत्तनम

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला ने दुर्लभ खनिज क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग स्थापित करने और इस क्षेत्र में भारत से निवेश आकर्षित करने की इच्छा प्रकट की है।

भारत ने वेनेजुएला से भारतीय औषधियों के लिए बाजार व्यवस्था को आसान बनाने का सुझाव दिया है और वाहन क्षेत्र में भी द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं का लाभ उठाने पर बल दिया है।

वेनेजुएला के खनन विकास मंत्री हेक्टर सिल्वा ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ मुलाकात में द्विपक्षीय आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों पर बातचीत की। श्री सिल्वा यहां कल से चल रहे दो दिवसीय 30वें सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन के सिलसिले में आये हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार दोनों मंत्रियों की 'बैठक के दौरान, वेनेजुएला से आये प्रतिनिधिमंडल ने खनिज तेल क्षेत्र के अलावा भारत के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने में रुचि व्यक्त की, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों में के क्षेत्र में सहयोग और भारतीय निवेश आकर्षित करना शामिल है।'

गोयल ने द्विपक्षीय संयुक्त समिति की बैठकें फिर शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया। पिछले एक दशक से इसकी बैठक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला में ओएनजीसी के खनन और अन्वेषण कार्य से दोनों पक्षों के बीच सहयोग की मजबूत संभावनाएं उत्पन्न हो सकती हैं। श्री गोयल ने वेनेजुएला को भारत से औषधियों का आयात सुगम बनाने के लिए भारतीय फार्माकोपिया को स्वीकार करने पर विचार करने का सुझाव दिया। उन्होंने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के अवसरों का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि भारत वेनेजुएला में निवेश की संभावनाओं की तलाश कर रहे व्यवसायों के साथ जुड़ेगा। लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला खनिज तेल एवं प्राकृतिक गैस का एक प्रमुख उत्पादक एवं निर्यातक देश है। भारत वहां से मुख्यतः खनिज तेल-गैस का आयात करता है।

# डीजल इंजन को सबसे किफायती विकल्प मानते हैं ग्राहक

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय ग्राहकों का झुकाव पेट्रोल और सीएनजी के बढ़ते विकल्पों के बावजूद डीजल कारों की ओर बना हुआ है। खासकर हाईवे या ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग डीजल इंजन को अब भी सबसे किफायती विकल्प मानते हैं। अगर आपका बजट 8 से 9 लाख रुपये के बीच है, तो बाजार में कई ऐसी डीजल कारें मौजूद हैं जो दमदार होने के साथ-साथ फीचर्स के मामले में भी कमाल हैं। महिंद्रा बोलेरो देश की सबसे भरोसेमंद



एसयूवी में से एक है, जो खराब सड़कों पर भी शानदार परफॉर्मेंस देती है। इसकी कीमत लगभग रुपए 7.99 लाख से शुरू होती है और इसमें 1.5-लीटर एमहॉक75 डीजल इंजन मिलता है, जो 75बीएचपी की पावर और 210 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। टाटा अल्ट्रोज डीजल अपने सेगमेंट की एकमात्र डीजल हैचबैक है, जिसकी कीमत करीब रुपए 8.10 लाख है। इसमें 1.5-लीटर इंजन दिया गया है जो 90बीएचपी की पावर और 200एनएम टॉर्क देता है। इसमें अब 360-डिग्री कैमरा, सनरूफ और 10.25-इंच टचस्क्रीन जैसे प्रीमियम फीचर्स भी मिलते हैं। महिंद्रा बोलेरो नियो रुपए 8.49 लाख से शुरू होती है और इसमें 1.5-लीटर एमहाक100 इंजन मिलता है।

### यामाहा कंपनी ने नया स्कूटर ईसी-06 पेश किया

नईदिल्ली। भारतीय इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में बड़ा कदम उठाते हुए यामाहा कंपनी ने नया ईसी-06 पेश किया है। कंपनी ने इसे आधुनिक डिजाइन, बेहतर परफॉर्मेंस और लंबी रेंज के साथ तैयार किया है। यह स्कूटर बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी रिवर के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है और इसके लोकप्रिय मॉडल रिवर इंडी के प्लेटफॉर्म पर आधारित है। यह स्कूटर 2026 की शुरुआत में भारतीय सड़कों पर उतरने के लिए तैयार होगा। यामाहा ईसी-06 का डिजाइन पारंपरिक इलेक्ट्रिक स्कूटरों से अलग और ज्यादा स्पोर्टी है। इसकी बॉडी को बॉक्सीनुमा और कोणीय रूप में तैयार किया गया है, जिससे इसे एक फ्यूचरिस्टिक लुक मिलता है।

**देवास स्थित औद्योगिक उपयोग की भूमि बेचना है**

इन्दौर-देवास रोड़ पर देवास के पास स्थित औद्योगिक उपयोग की लगभग 30 एकड़ भूमि बेचना है। भूमि खरीदने हेतु इच्छुक व्यक्ति / संस्था सम्पर्क करें।
E-mail id - aplinternationalpvtltd@gmail.com

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम जगदीश प्रसाद शाहू पिता गोविंद दास शाहू था। जो परिवर्तित होकर जगदीश शाहू पिता गोविंद दास शाहू हो गया है। अतः भविष्य में मुझे **जगदीश शाहू पिता गोविंद दास शाहू** नाम से जाना एवं पहचाना जावे।
**जगदीश शाहू पिता गोविंद दास शाहू**
पता :- 39 लीला विहार कॉलोनी राऊ-रंगवासा जिला इन्दौर (म.प्र.) 453331

**IN THE COURT OF XII CIVIL JUDGE CLASS-I, DISTRICT COURT INDORE**
प्रकरण क्र.(MJC SUC 233/2025) पेशी दि. 17/12/2025
कैलाश ...प्रार्थी
विरुद्ध सर्वसाधारण व अन्य ...प्रतिप्रार्थी
प्रेषिती: सर्वसाधारण
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश उर्फ कैलाशचंद्र पिता स्वर्गीय बद्रीलालजी काबरा निवासी 13/1 उषागंज छावनी इंदौर ने उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17/12/2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17/12/2025 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायाधीश
मुद्रा
चैतन्य अनुभव चौबे
टिप्पणी: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।
GOPIKA # 2540490

**CMX HOLDINGS LIMITED**
(Formerly known as SIEL FINANCIAL SERVICES LIMITED)
CIN No: L74110MP1990PLC007674
**Address:** Soni Mansion, 12-B, Ratlam Kothi, Indore, Madhya Pradesh, 452001
**Email:** sielfinancialservices@gmail.com **Website:** www.sielfinancial.com

**STATEMENT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2025**
(Rs. in Lakhs except EPS)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30/09/2025 (Un-Audited) | 30/06/2025 (Un-Audited) | 30/09/2024 (Un-Audited) | 30/09/2025 (Un-Audited) | 30/09/2024 (Un-Audited) | 31/03/2025 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 4.50 | 4.50 | 11.86 | 9.00 | 21.31 | 20.31 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items#) | (20.75) | (7.50) | 0.52 | (28.25) | 0.26 | (25.22) |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (20.75) | (7.50) | 0.52 | (28.25) | 0.26 | (25.22) |
| 4. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (20.75) | (7.50) | 0.52 | (28.25) | 0.26 | (25.22) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (20.75) | (7.50) | 0.52 | (28.25) | 0.26 | (25.22) |
| 6. | Paid Up Equity Share Capital | 1134.37 | 1134.37 | 1132.30 | 1134.37 | 1132.30 | 1132.30 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) As shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | (1700.63) |
| 8. | Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations) - | | | | | | |
| | 1. Basic | (0.18) | (0.07) | (0.00) | (0.25) | (0.00) | (0.22) |
| | 2. Diluted | (0.18) | (0.07) | (0.00) | (0.25) | (0.00) | (0.22) |

**Note:**
a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on www.bseindia.com and on the website of the Company **www.sielfinancial.com**
b) The above financial results for the quarter ended **September 30, 2025**, have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors **("Board")** in their respective meetings held on December 13, 2024.
c) The statutory auditors have carried out the limited review of the financial results for the quarter ended September 30, 2025.
d) Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules/ AS Rules, whichever is applicable.
e) Corresponding figures of the previous quarter/ year have been regrouped and rearranged wherever necessary.

Date : November 14, 2025
Place : Indore


For **CMX HOLDINGS LIMITED**
(Formerly known as SIEL FINANCIAL SERVICES LIMITED)
-Sd/-
Dhiraj Mishra
Director
DIN - 06952296

अमेरिकी टैरिफ के 50 प्रतिशत होने के बाद

# खिलौना निर्यातकों पर बढ़ा दबाव, नए ऑर्डरों की थमी रफ्तार

स्वदेश समाचार ■ नई दिल्ली

इस वित्त वर्ष की शुरुआत में भारतीय खिलौना निर्यात करने वालों को अच्छा कारोबार दिख रहा था। त्योहारों के लिए जल्दी शिपमेंट और अमेरिकी खरीदारों की एडवांस खरीदारी ने जोरदार शुरुआत दी। लेकिन अब नए ऑर्डर अचानक कम हो गए हैं। वजह है अमेरिका की तरफ से लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ। इससे अमेरिकी कस्टमर दूसरे देशों की तरफ मुड़ रहे हैं। भारतीय निर्यातक कीमतें घटाने और पैकेजिंग को सादा करने



पर मजबूर हो गए हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट में ये बातें सामने आई हैं।

अमेरिका के त्योहार सीजन के लिए शिपमेंट अप्रैल से शुरू होते हैं। इस बार खरीदारों ने चीन के खिलौनों पर ऊंचे टैरिफ की वजह से पहले ही ऑर्डर दे दिए। इससे पहले हाफ में अच्छा वॉल्यूम आया। लेकिन 1 अगस्त से भारत पर 25 फीसदी ड्यूटी लगी, फिर 27 अगस्त से इसे 50 फीसदी कर दिया गया। ये फैसला भारत के रूसी क्रूड खरीदने से जुड़ा था। इसके बाद नए ऑर्डर रुक-से गए। शबीर को उम्मीद है कि साल छोटे सिंगल डिजिट ग्रोथ के साथ खत्म होगा। टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया के गवर्निंग बॉडी मेंबर अमिताभ खरबंदा कहते हैं कि अक्टूबर-नवंबर में आने वाले अगले त्योहार साइकिल के बुकिंग इस बार आधे रह गए। इंडस्ट्री वाले बताते हैं कि कॉस्ट बढ़ने से फीचर्स कम करने पड़ रहे हैं, खिलौनों का साइज छोटा किया जा रहा है और पैकेजिंग बेसिक हो गई है।

### शुरुआती पांच महीनों में थोड़ी बढ़ोतरी

अप्रैल से अगस्त तक उत्सव, कार्निवल और मनोरंजन वाली चीजों का निर्यात 4 फीसदी बढ़कर 101.9 मिलियन डॉलर हो गया। कुल खिलौने, खेल और स्पोर्ट्स सामान का एक्सपोर्ट 8.9 फीसदी चढ़कर 302.6 मिलियन डॉलर पर पहुंचा। अमेरिका इन सामानों का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। अप्रैल-अगस्त में सिर्फ उत्सव और मनोरंजन आइटम्स का निर्यात 64.5 मिलियन डॉलर रहा, जो पिछले पूरे साल के 78 फीसदी के बराबर है।

